न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, सवाई माधोपुर

अपील संख्या – 68/2025 GCMS NO 2025/109

हरिकिशन पुत्र रामजीलाल जाति गुर्जर निवासी रोडकलां तहसील व जिला करौली

अपीलांट

बनाम

रूप सिह पुत्र रामजीलाल गुर्जर (मृतक) जरिये विधिक वारिसानः–

1. संतरा देवी बेवा रूप सिह
2. राजीव पुत्र रूपसिह
3. संजीव पुत्र रूप सिह
4. कमलेश पुत्री रूप सिह
5. मित्तल पुत्री रूप सिह
6. रीना पुत्री रूप सिह सभी जातियान गुर्जर निवासीयान रोडकलां तहसील व जिला करौली
7. तहसीलदार लैण्ड होल्डर तहसील करौली

रेस्पो0

(अपील विरूद्व मु0नं0 5/18 निर्णय व डिक्री दिनांक 27.5.25 न्यायालय सहायक कलक्टर, करौली)
अभिभाषक अपीला0 श्री ऐश्वर्य सिह
अभिभाषक रैस्पो0 श्री नेमी चंद गर्ग

दिनांक 28.8.2025

निर्णय

प्रस्तुत अपील अपीला0 की ओर से अंतर्गत धारा 223 विरूद्ध निर्णय व डिक्री दिनांक 27.5.25 न्यायालय सहायक कलक्टर, करौली पेश की है ।

अपील के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार से हैं कि अधिनस्थ न्यायालय में वादीगण/रेस्पो0 ने एक वाद पत्र घोषणा खातेदारी इस आशय का पेश किया कि आराजीयात ख0न0 1092,1093 कुल किता 2 कुल रकबा 1 बीघा 19 विस्वा वाके ग्राम रोडकलां तहसील व जिला करौली मे स्थित भूमि वादी के पिता रामजीलाल पुत्र रामनारायण की है। वादी के पिता रामजीलाल का स्वर्गवास हो चुका है। उनके मरने के बाद उनका वादी एक मात्र वारिस उत्तराधिकारी है। उक्त जमीन पर वादी का कब्जा काश्त चला आ रहा है। उक्त आराजीयात मे मौके पर वादी की गेहू की फसल सरसब्ज खडी है। उक्त आराजीयात मे प्रतिवादीगण का किसी प्रकार का कोई सबंध वास्ता नही रहा है ना ही अब है। प्रतिवादी न0 1 हरिकिशन प्रतिवादी न0 ^ का पुत्र है। उक्त आराजीयात प्रतिवादी न0 1 का कोई हक हकूक नही है। प्रतिवादी न0 1 फर्जी तरीके से रामजीलाल का पुत्र बनकर उक्त आराजीयात मे जबरन वारिस बनना चाहता है। जबकि प्रतिवादी न0 1 हरिकिशन ,गंगदेव का पुत्र है और गंगदेव की जमीन जायदाद पर काबिज है। वादी की [illegible] आराजीयात मे कोई हक प्राप्त करने का अधिकारी नही है। लेकिन जबरन झगडा फसाद करता है और [illegible] जमीनो से बेदखल करने की धमकी प्रतिवादी न0 1 ता 6 देने लगे है। उक्त [illegible] की धमकी देते है। इनका वादी के पिता रामजीलाल की जमीन जायदाद मे कोई हक [illegible] नही है ना ही उनका वारिस है ना पुत्र है। प्रतिवादी न0 1 का सभी सरकारी रिकार्ड मे हरिकिशन पुत्र गंगदेव नाम दर्ज है। प्रतिवादी न0

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Kant Balot
Date: 2026.04.16 15:23:55 IST
Reason: SelfAttested

राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner

1 फर्जी तरीके से मेरे पिता रामजीलाल का गलत तरीके से वारिस बनने की योजना बना कर आधार कार्ड व राशन कार्ड मे तरमीम कराने की कोशिश की जिस पर वादी ने पुलिस थाना करौली मे एफ आई आर संख्या 102/16 दर्ज कराई इससे नाराज होकर प्रतिवादी मुझे परेशान कर रहे है । मेरे पिता की खातेदारी की जमीन व मेरे कब्जे काश्त की जमीन मे झगडा फसाद करने पर आमादा है। वादी मृतक रामजीलाल पुत्र रामनारायण का एक मात्र उत्तराधिकारी है जिसे जिला एवं सैशन न्यायाधीश करौली द्वारा उत्तराधिकारी घोषित किया जाकर प्रमाण पत्र जारी किया हुआ है। प्रतिवादी न0 1 ने उक्त उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र को निरस्त कराने का प्रार्थना पत्र जिला एवं सैशन न्यायाधीश करौली के यहाँ प्रस्तुत की थी जिसे माननीय न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के पिता की खातेदारी को उक्त आराजीयात मे अपने नाम का विरासत का नामा0 कराने हेतु ऐलानिया धमकी दी गई तथा उक्त आराजीयात से बेदखल करने की धमकी भी दी गई। प्रतिवादीगण जबरन वादी को उक्त आराजीयात से जबरन बेदखल करने पर आमादा है। अतः उक्त आराजीयात का वादी को तन्हा खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे तथा प्रतिवादीगण को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जावे कि वे उक्त आराजी मे वादी को काश्त करने मे किसी प्रकार की बाधा, रूकावट ना तो स्वयं करे ना ही किसी अन्य से करावे ना ही बेदखल करे वादी को शांतिपूर्वक काश्त करने देवे। इस प्रकार की इस्तदुआ अधिनस्थ न्यायालय से वादी/रेस्पो0 द्वारा चाही जाने पर अधिनस्थ न्यायालय द्वारा वादी का वाद पत्र स्वीकार किये जाने से व्यथित होकर अपीलांट/प्रतिवादी संख्या 1 द्वारा यह अपील इस न्यायालय मे पेश की गई है।

अपील पेश होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड तलब किया गया। रेस्पो0 को नोटिस जारी कर तलब किया गया। बहस उभयपक्ष अभिभाषको की अपील पर सुनी गई।

अपीलांट के अधिवक्ता ने अपील मे अंकित तथ्यो को दोहराते हुए कथन किया कि अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यो,रिकार्ड एवं साक्ष्यो के प्रतिकूल होने से एवं विधि विरूद्व होने से निरस्त योग्य है। अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री आर्वेटरी परवर्स है विधि के सुस्थापित सिद्वान्त के विपरीत पारित किया है। जो निरस्त किये जाने योग्य है। अपीलांट है विधि के सुस्थापित सिद्वान्त के विपरीत पारित किया है। जो निरस्त किये जाने योग्य है। अधिनस्थ न्यायालय ने जैर निर्णय पारित करने से पूर्व पत्रावली मे उपलब्ध अपीलांट की जबाबदेही व उसके सर्मथन मे प्रस्तुत दस्तावेजात पर गौर नही किया है ना ही इस तथ्य की और गौर किया कि अपीलांट गंगदेव का पुत्र न होकर रामजीलाल का पुत्र है। तथा स्वयं वादी रूप सिह का खास भाई है। इसके अतिरिक्त जबाब दावा के साथ प्रस्तुत दस्तावेज पर भी अधिनस्थ न्यायालय द्वारा गौर नही किया गया है। जो सभी अपीलांट को रामजीलाल का पुत्र होना साबित करते है। अधिनस्थ न्यायालय मे मुताबिक आदेशिका अपीलांट के अधिवक्ता द्वारा दिनांक 3.4.25 को हिदायत पैरवी ना होना अंकित किया जिसके आधार पर नियमानुसार अधिनस्थ न्यायालय को अपीलांट को नोटिस भेजा जाना आवश्यक था। जो आज दिवस तक प्रार्थी अपीलांट को प्राप्त नही हुआ। इससे स्पष्ट है कि रेस्पो0 द्वारा मिलीभगत करके न्यायालय को गुमराह करके प्रकरण मे अपीलांट के खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही बिना कोई नोटिस जारी किये करवाई गई है। ... को गलत तरीके से एक पक्षीय कार्यवाही अधिनस्थ न्यायालय द्वारा अमल मे लाई गई। अधिनस्थ न्यायालय ने पेज न0 4 पर

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Kant Balot
Date: 2026.04.16 15:23:55 IST
Reason: SelfAttested

राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner

अधिनस्थ न्यायालय द्वारा बिलकुल गलत तरीके से यह अंकित किया है कि प्रतिवादीगण द्वारा कोई साक्ष्य शपथ पत्र दस्तावेजी सबूत पेश नही किये है और साक्ष्य प्रस्तुत करने के काफी अवसर दिये गये है तथा उपस्थित नही होने पर दिनांक 8.4.25 को एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लाते हुए साक्ष्य प्रतिवादी बंद की गई। उक्त निर्णय पूर्णतः रिकार्ड के विपरीत है। अपीलांट को बिना कोई नोटिस दिये बिना अपीलांट का पक्ष सुने एक पक्षीय कार्यवाही अधिनस्थ न्यायालय द्वारा गलत तरीके से अमल मे लाते हुए डिक्री पारित की गई है जो निरस्त किये जाने योग्य है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिक्री की जानकारी अपीलांट को पूर्व मे नही थी दिनांक 23.6.25 को अपीलांट को हल्का पटवारी ने उक्त निर्णय व डिक्री की जानकारी दी। तत्पश्चात अपीलांट ने अधिवक्ता से सम्पर्क किया तब उनके द्वारा न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन कर बताया कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा गलत रूप से एक पक्षीय निर्णय अपीलांट को बिना नोटिस दिये ही जारी किया गया है। तब अपीलांट द्वारा डिक्री व निर्णय की नकल ली गई। अधिनस्थ न्यायालय के एक पक्षीय निर्णय व डिक्री के आधार पर रेस्पो0 जमाबंदी इन्द्राजात मे फेरबदल करने पर उतारू है। यदि दौराने अपील रेस्पो0 अपने मकसद मे कामयाब हो गये तो अपीलांट का अपील पेश करने का मकसद ही समाप्त हो जावेगा। जिसकी काफी हद तक तल्फी भी अपीलांट वहन करनी होगी जिसकी पूर्ति जरे नकद कतई संभव नही है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा निर्णय व डिक्री जैर अपील मृतक व्यक्ति गंगदेव के विरूद्व पारित होने के कारण भी निरस्त योग्य है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार फरमाई जाकर अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 27.5.25 को निरस्त किया जाकर अपीलांट को उचित सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने हेतु अधिनस्थ न्यायालय को रिमाण्ड किया जावे।

रेस्पो0 के अधिवक्ता ने अपनी बहस मे तर्क दिया कि विवादित आराजीयात से अपीलांट का किसी प्रकार का कोई संबंध वास्ता नहीं है। अपीलांट द्वारा बार बार कथन किया है कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा एक पक्षीय निर्णय पारित किया है जबकि सत्यता यह है कि अधिनस्थ न्यायालय मे अपीलांट/प्रतिवादगण बकालतन उपस्थित हुए है एवं उनके द्वारा जबाब दावा मय काउन्टर क्लेम पेश किया गया है। जिससे अपीलांट का उक्त कथन झूठा साबित होता है। अपीलांट ने अपील मे स्वयं स्वीकार किया है कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा प्रतिवादीगण/अपीलांट द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं जबाब देही पर गौर नही किया है। इससे अपीलांट का उक्त कथन झूठा साबित होता है कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा एक पक्षीय निर्णय पारित किया है। जबकि सत्यता यह है कि अधिनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट/प्रतिवादीगण को साक्ष्य शपथ पत्र व दस्तावेजी सबूत पेश करने हेतु काफी अवसर प्रदान किये गये थे परन्तु उनके द्वारा किसी प्रकार की साक्ष्य पेश नही करने एवं उपस्थित नही होने के कारण ही अधिनस्थ न्यायालय द्वारा विधिवत रूप से एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश दिनांक 8.4.25 को दिये गये है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा सम्पूर्ण राजस्व रिकार्ड एवं वादी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रो एवं स्वतंत्र गवाहो के बयानो के आधार पर एवं प्रकरण मे तनकीयात कायम की जाकर प्रत्येक तनकी पर पूर्ण विवेचन एवं विश्लेषण किये जाने के उपरान्त ... रामजीलाल का एक मात्र वारिस रूप सिह को माना जाकर ही रामजीलाल की समस्त आराजी पर वादी रूपसिंह का हक एवं हिस्सा मानकर ही आराजी ख0न0 1092,1093 ... 19 विस्वा वाके ग्राम ग्राम रोडकलां तहसील करौली मे रामजीलाल ... गुर्जर के स्थान पर वादीगण 1

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Kant Balot
Date: 2026.04.16 15:23:55 IST
Reason: SelfAttested

राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner

ता 6 को खातेदार काश्तकार विधिवत रूप से घोषित किया है तथा रामजीलाल पुत्र रामनारायण जाति गुर्जर का नाम हजफ किया गया है। जिसमे किसी प्रकार की कोई विधिक त्रुटि नही है। अपीलांट अधिवक्ता का कथन रहा कि दौराने दावा गंगदेव फौत हो चुका था जिसके विरूद्व अधिनस्थ न्यायालय ने निर्णय पारित किया है। जबकि अपीलांट द्वारा उक्त तथ्य के सर्मथन मे यह नही बताया है कि गंगदेव की मृत्यु किस दिनांक को हुई है। जबकि सत्यता यह है कि यदि दौराने दावा गंगदेव की मृत्यु हो गई थी तो उनकी तरफ से नियुक्त अधिवक्ता को इस तथ्य की जानकारी न्यायालय को उपलब्ध करानी चाहिए थी। जिससे मृतक गंगदेव के कायम मुकाम की कार्यवाही की जा सकती। इससे स्पष्ट है कि प्रकरण के अधिनस्थ न्यायालय मे विचाराधीन रहते प्रकरण के प्रति सजग नही रहे है जिससे उनकी कार्य प्रणाली उदासीनंता की धोतक है। इस प्रकार अधिनस्थ न्यायालय द्वारा विधिवत रूप से सम्पूर्ण राजस्व रिकार्ड एवं वादी एवं प्रतिवादी की मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यो का विधिपूर्वक विवेचन किये जाने के उपरान्त ही अपीलाधीन निर्णय पारित किया है। जिसमे किसी प्रकार की कोई विधिक त्रुटि नही है। अतःअपीलांट की अपील खारिज फरमाई जावे।

उभयपक्ष अधिवक्तागणो की बहस पर मनन किया। अपीलाधीन आदेश एवं अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली तथा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतो का ससम्मान ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया । जिससे यह तथ्य सामने आये कि पक्षकारो के मध्य मुख्य विवाद रामजीलाल की आराजीयात को लेकर है। अपीलांट अधिवक्ता के कथन अनुसार अपीलांट हरिकिशन, रामजीलाल का पुत्र है इसी प्रकार रेस्पो0 के अधिवक्ता का कथन है कि हरिकिशन रामजीलाल का पुत्र नही होकर गंगदेव का पुत्र है। रामजीलाल का एक मात्र वारिस रूपसिह है। अपीलांट अधिवक्ता का कथन रहा कि दौराने दावा गंगदेव फौत हो चुका था। इसलिए अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय मृतक के खिलाफ किया गया है। इस संबंध मे उल्लेखनीय है कि गंगदेव की और से अधिनस्थ न्यायालय मे अधिवक्ता नियुक्त था ,यदि गंगदेव दौराने दावा फौत हो गया था तो प्रतिवादी की जिम्मेदारी थी कि इस तथ्य को अधिनस्थ न्यायालय के ध्यान मे लाया जाता है। जो उनकी अहम जिम्मेदारी थी। इस तथ्य को प्रतिवादीगण द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नही किया है। इससे स्पष्ट है कि प्रतिवादीगण अपने प्रकरण के सबंध मे गंभीर नही रहे है। इसी प्रकार अपीलांट अधिवक्ता का कथन रहा कि अधिनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रतिवादीगण के और से हिदायत पैरवी किये जाने के उपरान्त भी अधिनस्थ न्यायालय द्वारा निर्णय व डिक्री पारित कर दी गई। यहॉ यह तथ्य स्पष्ट है कि अधिनस्थ न्यायालय मे जबाब दावा व काउन्टर क्लेम पेश करने के पश्चात हिदायत पैरवी करने पर अधिवक्ता को पक्षकारो को स्वयं को सूचित करना चाहिए। इस प्रकार अपीलांट का यह कथन कानूनन मान्य नही है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा तनकीयात कायम की जाकर प्रत्यके तनकी पर वादी एवं प्रतिवादी की साक्ष्य ली गई है। प्रतिवादी/अपीलांट किसी भी तनकी को साबित करने मे सफल नही रहे है। जबकि तनकी संख्या 1 को सिद्व करने का भार वादी पर था । जिसके सर्मथन मे वादी द्वारा दस्तावेजी साक्ष्य मे नकल जमाबंदी सम्वत [illegible] है। जिसमे विवादित आराजीयात रामजीलाल पुत्र रामनारायण जाति गुर्जर के नाम वाके ग्राम [illegible] तहसील करौली मे खातेदारी दर्ज है। जिसके विरोध मे प्रतिवादी/अपीलाट [illegible] गई है। इसी प्रकार रामजीलाल का पुत्र साबित करने के लिए वि[illegible] की नामावली प्रदर्श 22 व प्रदर्श 23

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Kant Balot
Date: 2026.04.16 15:23:55 IST
Reason: SelfAttested

राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner

एवं पंचायत मतदाता सूची प्रदर्श 24 एवं उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिनांक 9.3.16 पेश किये है जिससे रूपसिह को रामजीलाल का पुत्र होना साबित माना है। इसके विरोध मे भी प्रतिवादी/अपीलाट द्वारा कोई साक्ष्य पेश नही किया गया है। इस प्रकार अधिनस्थ न्यायालय द्वारा तनकी संख्या 1 ता 5 का सम्पूर्ण दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्य का विवेचन कर वादी के पक्ष मे निर्णित की गई है। जिनमे वादी को रामजीलाल का एक मात्र वारिस माना गया है। इस प्रकार रामजीलाल की आराजीयात मे अपीलांट हरिकिशन का किसी प्रकार कोई अधिकार नही माना है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा विधिवत रूप से वादी एवं प्रतिवादीगण की दस्तावेजी एवं मौखिक साक्ष्यो का विवेचन करते हुए तनकीवार निर्णय पारित किया गया है। जिसमे किसी प्रकार की कोई विधिक त्रुटि नही है। इस प्रकार अपीलांट की अपील सारहीन होने से खारिज किये जाने योग्य है।

अतःअपील अपीलांट खारिज योग्य होने से खारिज की जाती है। अधिनस्थ न्यायालय सहायक कलेक्टर करौली के प्रकरण संख्या 5/18 मे पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 27.5.25 की पुष्टि की जाती है।

निर्णय आज दिनांक 28.8.2025 को लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(लक्ष्मी कांत बालोत)
राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxmi Kant Balot
Date: 2026.04.16 15:23:55 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner